# शहर के नई पश्चिमी रिंग रोड के पहले चरण का काम शुरू

- हातोद से सांवेर तक बनेगी 6 लेन चौड़ी सड़क



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर।** शहर के बाहरी रिंग रोड के पश्चिमी हिस्से का काम शुरू हो गया है। उक्त सड़क का पहला चरण 34 किलोमीटर लंबा बनाया जा रहा है। नए पश्चिमी रिंग रोड का निर्माण एनएचएआई कर रहा है. हातोद से शिप्रा तक 64 किलोमीटर लंबे रिंग रोड के दूसरा चरण का 30 किलोमीटर वाला हिस्सा एनएचएआई के उज्जैन डिविजन द्वारा बनाया जाएगा.

इंदौर का 160 किलोमीटर लंबे बाहरी रिंग रोड को हिस्सों में बनाया जाएगा, पहला पश्चिमी और दूसरा पूर्वी हिस्सा क्षिप्रा से महू तक बनेगा. पश्चिमी हिस्से पहले चरण का काम हातोद से शुरू हो गया है. उक्त बाहरी रिंग रोड के पश्चिम क्षेत्र के 64 किलोमीटर के पहले चरण में 34 किलोमीटर लंबी सड़क का काम शुरू हो गया है. उक्त सड़क के निर्माण में 26 गांव की 417 हैक्टेयर जमीन ली गई है. इसमें एक हजार एक सौ ग्यारह किसानों को 766 करोड़ का मुआवजा दिया जाएगा, जिसमें से 580 करोड़ रुपए किसानों के खाते में शासन ने डाल दिए है. इंदौर के बाहरी रिंग रोड के 160 किलोमीटर से ज्यादा लंबे 6 लेन हाईवे का निर्माण एनएचएआई करेगा. इसके 64 किलोमीटर के हिस्से का पहला चरण हातोद से सांवेर तक बनेगा. इसके 34 किलोमीटर लंबे हिस्से के निर्माण में हातोद के 12, देपालपुर के 5 और सांवेर के 9 गांव की जमीन ली गई है.

### 15 साल मेंटेनेंस करेगी कंपनी

हातोद से सांवेर तक 34 किलोमीटर हिस्से का काम एमकेसी को एनएचएआई ने 996 करोड़ में दिया है और 15 साल तक सड़क का मेंटेनेंस भी निर्माण करने वाली कंपनी द्वारा ही किया जाएगा. इतना ही नहीं सड़क के पास स्थित गांवों में 24 किलोमीटर सर्विस रोड का भी निर्माण होगा. सांवेर से क्षिप्रा के आगे पूर्वी रिंग रोड के हिस्से को जोड़ने वाली 30 किलोमीटर का हिस्सा एनएचएआई का उज्जैन डिविजन द्वारा बनाया जाएगा.

**सिंहस्थ के पहले होगा पूरा**- एनएचएआई की प्रोजेक्ट प्रभारी वर्षा अवस्थी ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य शुरू हो गया है और सिंहस्थ के पहले सड़क निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। 30 किलोमीटर दूसरे चरण का हिस्सा उज्जैन डिविजन द्वारा बनाया जाएगा।



# महापौर ने दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों को चेक सौंपे

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में कल चोइथराम मंडी गेट के सामने दुखद घटना में दिवंगत नगर निगम कर्मचारियों को महापौर ने आज 30-30 लाख के चेक सौंपे. महापौर और स्वास्थ प्रभारी दिवंगत कर्मचारियों के घर शोक संवेदना व्यक्त करने गए थे. परिजनों से कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा नगर निगम परिवार आपके साथ खड़ा है.

कल चोइथराम मंडी गेट पर ड्रेनेज चेंबर से पाइप निकालने में नगर निगम कर्मचारी करण यादव एवं अजय डोडिया की मृत्यु हो गई थी. महापौर पुष्यमित्र भार्गव आज उक्त दुखद घटना पर शौक संवेदना व्यक्त करने मृतकों के घर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया. दोनों परिवारों को 30-30 लाख की सहायता राशि के चेक सौंपे. इस दौरान प्रताप करोसिया, स्वच्छता प्रभारी अश्विनी शुक्ला, भारत पारख, रमेश खत्री तथा नगर निगम अपर आयुक्त आशीष पाठक उपस्थित थे.

### निगम परिवार आपके साथ

परिजनों से महापौर कहा कि दु:ख की इस घड़ी में पूरा नगर निगम परिवार आपके साथ खड़ा है. परिवार की इच्छा अनुसार आउटसोर्सिंग द्वारा रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा. साथ ही सफाई संघ सहित पूरा निगम प्रशासन हर संभव सहयोग के लिए सदैव साथ है.

## एक नजर में

## हमारा जीवन कर्म प्रधान



**इंदौर.** हमारा जीवन कर्म प्रधान है. दुर्लभ मनुष्य जीवन की धन्यता तभी संभव है जब हम स्वयं को मूल्यनिष्ठ, सेवा प्रधान और जागरूक बनाने के लिए निरंतर सार्थक पुरुषार्थ करें. हमारे कर्म ही हमें समाज में श्रेष्ठ या उपेक्षित बनाते हैं. मनुष्य चाहे तो मृत्यु भी महोत्सव बन सकती है. ये विचार हैं प्रख्यात जीवन प्रबंधन गुरु पं. विजय शंकर मेहता के, जो उन्होंने वन बंधु परिषद इंदौर चैप्टर की मेजबानी में समाजसेवी देहदानी श्याम सुंदर मूंदड़ा की पुण्य स्मृति में आयोजित उजास की ओर कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में रवीन्द्र नाट्य गृह में सोमवार को आयोजित एक समारोह में व्यक्त किए. परिषद एवं महिला समिति के पदाधिकारियों, अखिलेश राठी, डॉ. आईएल मूंदड़ा, विकल्प मूंदड़ा सहित अन्य बंधुओं ने प्रारम्भ में दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया. अध्यक्षता समाजसेवी अखिलेश राठी ने की, जिन्होंने स्व. मूंदड़ा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए वन बंधु परिषद के उद्देश्य एवं कार्यों की जानकारी भी प्रदान की. कार्यक्रम में श्रीमती रासू जैन, अनुराग मूंदड़ा एवं संदीपन आर्य, सीए अतिशय खासगीवाला ने भी अपने प्रेरक विचार व्यक्त किए. संदीपन आर्य ने अंगदान एवं देहदान का महत्व समझाया, वहीं खासगीवाला ने वसीयत एवं नॉमिनेशन की महत्ता बताई. अतिथियों का स्वागत श्रीमती सुषमा चौधरी, मनोज जैन, प्रवज्ञा, प्रत्युष एवं आयुष मूंदड़ा ने किया। अंत में आभार माना गौरव एरन ने.

## विनयवान को ही आती है विद्या: महेन्द्र ऋषि



**इंदौर.** विनयवान को ही विद्या आती है. होली पर धर्म के पांच रगों को ग्रहण करो जिससे जीवन में यह रंग लग जाए तो जीवन सफल हो जाए. लोभ, मान, माया, क्रोध, जब तक हमारे जीवन से नहीं निकलेंगे तब तक जीवन दुर्गंधमय रहेगा. उक्त विचार युवाचार्य महेन्द्र ऋषि महाराज ने होली चतुर्मासिक पक्खी पर्व पर महावीर भवन की धर्म सभा में व्यक्त किये. आगे आपने कहा कि आत्मा छोटी बड़ी नहीं होती इसका कोई रूप नहीं महत्व चेतना का है, जड़ का नहीं. त्योहार पापों को धोने के लिए आते हैं परंतु हम अविवेकपूर्ण रूप से पाप बंध करते चले जाते हैं. कर्मों को हल्के रखो तो तीर जाएंगे और कर्मों को भारी रखोगे तो डूब जाएंगे. युवाचार्य भगवंत ने आज चातुर्मासिक पक्खी होली के अवसर पर देश के विभिन्न शहरों में अन्य साधु साध्वियों के चातुर्मासो की घोषणा की आपका अगला चातुर्मास भीलवाड़ा राजस्थान में घोषित हुआ है. धर्म सभा में अभिषेक मुनि, राजेश मुनि, विकसित मुनि, रमणीक कंवर दमु महाराज, पुनीत ज्योति महाराज, अरुणप्रभा महाराज, दिव्य ज्योति महाराज, मुक्ता महाराज आदि संत सती मंडल ने भी धर्मसभा में धर्म वाणी श्रवण कराई. कल होली पर्व पर पांच पांच समायक की दया का विशाल आयोजन रखा गया है. महामंत्री रमेश भंडारी ने संघ की ओर से उद्बोधन दिया. सभी का स्वागत किया आज की धर्म सभा में जिनेश्वर जैन, राजकुमार पंजाबी, रितेश कटकानी, पीयूष जैन, रखबचन्द कोटावाले, अशोक मंडलीक, राजेंद्र लोढ़ा डिपिन जैन, रेनू जैन, आदि बड़ी संख्या में महानुभाव उपस्थित थे. धर्म सभा संचालन प्रकाश भटेवरा ने किया.

## आतिशबाजी के साथ इंदौर स्थापना दिवस महोत्सव का समापन



**इंदौर.** इंदौर स्थापना दिवस समारोह समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय महोत्सव के तहत मंगलवार को शहर के प्रथम शासक राव राजा राव नन्दलाल मंडलोई एवं अन्य शासकों की स्मृति में जूनी इंदौर स्थित बड़ा रावला पैलेस परिसर में रंगारंग आतिशबाजी का आयोजन किया गया. रंगों के त्यौहार पर दीपावली जैसा जश्न मनाया गया. इस मौके पर मंडलोई परिवार के वंशजों ने शहर में शांति, सद्भाव एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना करते हुए नागरिकों को होली एवं धुलेंडी की शुभकामनाएँ भी समर्पित की. समिति के प्रमुख और मंडलोई परिवार के वंशज युवराज वरदराज मंडलोई सहित परिवार के अनेक सदस्यों और स्नेहीजनों ने मंगलवार शाम को जूनी इंदौर स्थित बड़ा रावला पैलेस में मंडलोई परिवार के वंशज राव राजा श्रीकांत मंडलोई, रानी साहिबा सौ. माधवी मंडलोई, युवराज वरदराज मंडलोई, राजाबाई श्रिया मंडलोई जमींदार सहित अनेक परिजनों एवं स्नेहीजनों ने रंगारंग आतिशबाजी का आयोजन किया. इस मौके पर सैकड़ों स्नेहीजन आतिशबाजी के साक्षी एवं भागीदार बने. इस मौके पर शहर के विकास में मंडलोई परिवार के योगदान का विशेष उल्लेख करते हुए मेहमानों ने अनेक प्रेरक संस्मरण सुनाए. युवराज वरदराज मंडलोई ने कहा कि पूरे देश में जिस रफ़्तार से इंदौर में कारोबार के क्षेत्र में प्रगति हो रही है, उसे देखते हुए इस बात की प्रसन्नता होना स्वाभाविक है कि इसकी शुरुआत 310 वर्ष पूर्व मंडलोई परिवार के शासकों ने की थी. उनकी दूरदर्शितापूर्ण नीति का ही नतीजा है कि आज हमारा इंदौर न केवल कारोबार के क्षेत्र में, बल्कि स्वच्छता, खेलकूद, संस्कृति एवं धर्म अध्यात्म के क्षेत्र में भी अग्रणी बन गया है.

## दाउदी बोहरा समाज की तीन वश्शेक रात आज से होगी शुरू



**इंदौर.** दाऊदी बोहरा समाज के रोजे और इबादत के पवित्र रमजान माह की तीन वश्शेक रात बुधवार 4 मार्च, शुक्रवार 6 मार्च और रविवार 8 मार्च को होगी. यह जानकारी देते हुए इंदौर समाज के मीडिया प्रभारी मज़हर हुसैन सेठजी वाला व सदस्य बुरहानुद्दीन शकरुवाला ने बताया की मंगलवार को पंद्रहवां रोज़ा अदा हुआ. बुधवार को सोलहवां रोज़ा अदा होगा. रमज़ान माह की तीनों वश्शेक रातों में रात को मग़रीब व ईशा की नमाज के बाद विशेष नमाज अदा की जाएगी. वश्शेक की फाजिल रातों में समाजवासी इबादत कर गुनाहों की माफी तलब करेंगे. रमज़ान माह की 19वीं तारीख 7 मार्च शनिवार को मौला अली मुश्किल कुशा की शहादत के दिन शहर की सभी बोहरा बहुल मस्जिदों वा मरकजो पर वाअज होगी.

## दो माह के शिशु संग लाचार महिला को मिली पुलिस की मदद



**इंदौर.** पारिवारिक विवाद के बाद पति द्वारा दो माह के शिशु सहित महिला को बेसहारा छोड़ देने के मामले में छोटी ग्वालटोली थाना क्षेत्र के दो आरक्षकों ने संवेदनशीलता दिखाते हुए महिला को सुरक्षित उसके गंतव्य तक रवाना कराया. जानकारी के अनुसार महिला का अपने पति से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था. विवाद के बाद पति उसे दो माह के बच्चे और चार बैग के साथ छोड़कर चला गया. आर्थिक व पारिवारिक सहयोग न होने से महिला परेशान अवस्था में थी. इसी दौरान छोटी ग्वालटोली थाने में पदस्थ आरक्षक राजेंद्र जामलिया और आरक्षक दीपक भदौरिया की नजर महिला पर पड़ी. दोनों आरक्षकों ने स्थिति समझते हुए पहले महिला और शिशु को सुरक्षित स्थान पर बैठाया, आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई तथा परिजनों से संपर्क स्थापित कराया. आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद महिला को सुरक्षित रूप से पुणे के लिए रवाना कराया.

# विधानसभा प्रश्न की गलत जानकारी देने पर निगम उपायुक्त और अधीक्षक निलंबित

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** भागीरथपुरा की घटना को लेकर नगर निगम स्थापना विभाग विधानसभा प्रश्न पर गलत जवाब बनाकर भेजा गया. गलत जवाब बनाकर देने के मामले में नगरीय प्रशासन विभाग ने इंदौर नगर निगम के दो अधिकारियों को निलंबित और एक कर्मचारी की सेवाएं समाप्त कर दी है.

विधानसभा सत्र में विपक्षी दल कांग्रेस के एक विधायक द्वारा भागीरथपुरा के मामले में जानकारी चाही गई थी कि वर्तमान में इंदौर नगर निगम में कितने सफाई संरक्षक कार्यरत हैं और कितने पद स्वीकृत हैं. नगर निगम द्वारा भेजी गई जानकारी में वर्तमान में कार्यरत सफाई संरक्षकों की संख्या शून्य बताई गई. वास्तविकता में नगर निगम में 1002 सफाई संरक्षक कार्यरत हैं. उक्त जवाब नगर निगम की स्थापना विभाग द्वारा बनाया गया था. विधानसभा में स्थापना विभाग के क्लर्क अतुल बाजपेई, अधीक्षक हरीश श्रीवास्तव, उपायुक्त शैलेश अवस्थी, अपर आयुक्त मनोज पाठक और नगर में विधानसभा प्रभारी अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर द्वारा हस्ताक्षर कर जवाब भेजा गया था. जवाब पर किसी भी अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया. उक्त जवाब नगरीय प्रशासन विभाग से गुजर कर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय तक पहुंच गया. निगम के द्वारा भेजी गई जानकारी से खुलासा हुआ निगम में एक भी सफाई संरक्षक नही है, ऐसा हो ही नहीं सकता.


निगम द्वारा भेजे गए जवाब की जानकारी निकाली गई तो जवाब गलत निकला. उपरोक्त विषय में मंत्री ने विभाग के एसीएस संजय दुबे पर नाराजगी जाहिर की. उक्त मामले का असर हुआ कि नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने क्लर्क अतुल बाजपेई की सेवा समाप्त कर दी. उपायुक्त शैलेश अवस्थी और अधीक्षक हरीश श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया.

### विधायक हार्डिया ने दी धरने की धमकी

विधायक महेंद्र हार्डिया ने शहर में अवैध निर्माण को लेकर विधानसभा में सवाल किया था. उस सवाल के जवाब में नगर निगम द्वारा भ्रामक जवाब दिया गया. हार्डिया ने विधानसभा-5 की महालक्ष्मी नगर, तुलसी नगर, साईं कृपा, योजना 94 सहित अन्य क्षेत्रों में हुए अवैध निर्माणों को लेकर विधानसभा में सवाल पूछा था. सवाल का सही जवाब नहीं मिलने पर विधायक हार्डिया ने कहा कि है कि उनके द्वारा लगातार बोलने के बावजूद क्षेत्र में अवैध निर्माण निरंतर हो रहे हैं. अवैध निर्माण रोकने के लिए जरूरत पड़ी, तो वे धरना देने से भी पीछे नहीं हटेंगे.

# चंद्रग्रहण के कारण मंदिरों के पट रहे बंद, नहीं मनाया धुलेंडी पर्व

- इंदौर में 9 मिनिट रहा चंद्रग्रहण का असर
- आज रंग-गुलाल से सराबोर होंगी शहर की गलियां और चौराहे



**इंदौर.** शहर में चंद्रग्रहण के कारण मंगलवार को धुलेंडी का पर्व नहीं मन पाया. होलिका दहन तो सोमवार को किया गया, लेकिन धुलेंडी पर एक दिन का ब्रेक लिया गया. चंद्र ग्रहण के कारण मंगलवार को शहरवासियों ने धुलेंडी नहीं खेली. अब बुधवार को इंदौर में रंगों का त्यौहार (धुलेंडी) मनाया जाएगा.

खजराना गणेश मंदिर में तो सुबह 6 बजे से ही गर्भगृह के पट बंद कर दिए गए. पंडित अशोक भट्ट के अनुसार ग्रहण के चलते मंदिर में दर्शन व्यवस्था पूरी तरह स्थगित रही. शाम को ग्रहण समाप्त होने के बाद पूरे मंदिर परिसर का शुद्धिकरण किया गया. भगवान गणेश को विशेष स्नान और नए वस्त्र धारण कराने के बाद रात साढ़े आठ बजे महाआरती की गई. इसके बाद मंदिर के पट खोले गए और भक्तों ने मंदिर में भगवान के दर्शन किए. रणजीत हनुमान मंदिर में भी ग्रहण का गहरा प्रभाव रहा. यहां सुबह 6.20 बजे से ही बाबा रणजीत के दर्शन रोक दिए गए थे. पुजारी पंडित दीपेश व्यास ने बताया कि शाम को ग्रहण का मोक्ष होने के बाद मंदिर की धुलाई और बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया. श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के द्वार शाम साढ़े सात बजे खोले गए और फिर विशेष आरती का आयोजन किया गया. इसके अलावा शहर के अन्य छोटे-बड़े मंदिरों में भी ग्रहण के समापन के बाद ही सफाई और भगवान का अभिषेक किया गया.

### धुलेंडी में भी लगा ब्रेक

शहर में धुलेंडी पर्व पर भी चंद्र ग्रहण के कारण ब्रेक लग गया. शहर में होलिका दहन तो सोमवार को किया गया, लेकिन धुलेंडी पर एक दिन का ब्रेक लिया गया. चंद्र ग्रहण के कारण मंगलवार को शहरवासियों ने धुलेंडी नहीं खेली. अब बुधवार को धुलेंडी मनाया जाएगा और रंग-गुलाल से शहर सराबोर होगा.

# यूएई में फंसे इंदौर के पूर्व विधायक समेत कई यात्री लौटे

- दुबई-शारजाह फ्लाइट कैंसिल होने पर अटके थे
- एयरपोर्ट पर ढोल-नगाड़ों से स्वागत



**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर.** इजराइल-ईरान तनाव के चलते यूएई में प्रभावित उड़ानों के कारण फंसे इंदौर के पूर्व विधायक संजय शुक्ला, मनोज पटेल और विशाल पटेल सहित कई यात्री अब सुरक्षित भारत लौट आए हैं.

दुबई और शारजाह से उड़ानें रद्द होने के कारण ये लोग पिछले कुछ दिनों से यूएई में रुके हुए थे. भारत पहुंचने पर एयरपोर्ट पर समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया.

**लगातार कैंसिल हो रही थी फ्लाइट**-यूएई में हालात बिगड़ने के बाद कई उड़ानें रद्द कर दी गई थीं. शारजाह-इंदौर फ्लाइट 28 फरवरी से लगातार रद्द की जा रही थी. 3 मार्च को भी यह उड़ान संचालित नहीं हो सकी. इसके चलते इंदौर, भोपाल और मध्यप्रदेश के अन्य जिलों के सैकड़ों यात्री दुबई और शारजाह में फंसे रहे. कई यात्रियों को होटल में अतिरिक्त दिन रुकना पड़ा.

**मिसाइल अलर्ट के बीच डर का माहौल**-कुछ यात्रियों ने बताया कि तनाव के दौरान मिसाइल अलर्ट जारी होने से भय का माहौल बन गया था. अनिश्चितता के कारण लोग लगातार एयरलाइंस और ट्रैवल एजेंसियों से संपर्क में थे.

### लौटने वालों में ये प्रमुख नाम शामिल

वापस लौटने वालों में उद्योगपति मनीष शाहरा, मनीष अग्रवाल, पिंटू छाबड़ा, गोलू पाटनी, उत्पल गोयल, आदित्य शर्मा, प्रवीण कक्कड़ समेत अन्य यात्री शामिल हैं. सभी के सुरक्षित लौटने से परिजनों और समर्थकों ने राहत की सांस ली है.

### एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत

इंदौर एयरपोर्ट पर संजय शुक्ला और मनोज पटेल के समर्थकों ने फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया. समर्थकों ने सुरक्षित वापसी को राहत भरा क्षण बताया.

# 83 वर्षीय महिला का नेत्र, त्वचा व देहदान संपन्न

### राजकीय सम्मान के साथ दी श्रद्धांजलि

**इंदौर.** शहर में एक 83 वर्षीय धार्मिक प्रवृत्ति की महिला के निधन के बाद उनके नेत्र, त्वचा और देहदान की प्रक्रिया पूर्ण की गई. पूर्व में किए गए संकल्प के अनुसार परिजनों ने दु:ख की घड़ी में मानव सेवा का निर्णय निभाया. शासन की ओर से राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई.

टेलीफोन नगर में रहने वाली स्व. मंगला सहाने का मंगलवार को निधन हुआ. जीवनकाल में ही उन्होंने जनवरी में देहदान का संकल्प पत्र भरकर पंजीयन कराया था. निधन उपरांत परिजनों ने उनके संकल्प को पूर्ण करते हुए नेत्रदान, त्वचादान और देहदान की प्रक्रिया संपन्न कराई. नेत्रदान की प्रक्रिया एमके इंटरनेशनल आई बैंक में, त्वचादान चोइथराम स्कीन बैंक में तथा शवदान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एमजीएम मेडिकल कॉलेज में किया. महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ. राजेंद्र मार्को और उनकी टीम ने पार्थिव देह की सम्मानपूर्वक अगवानी की. दिवंगत के निवास पर अंतिम विदाई समारोह में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. परिजनों ने बताया कि यह निर्णय दिवंगत की जीवन भर की मान्यताओं और सेवा भाव का विस्तार है. चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना हैं कि नेत्रदान से दृष्टिबाधितों को रोशनी मिल सकेगी, त्वचा दान जले हुए मरीजों के उपचार में सहायक होगा, जबकि देहदान से मेडिकल विद्यार्थियों को अध्ययन में अमूल्य सहयोग मिलेगा.




# समाज की प्रतिभाओं को किया सम्मानित

- लोधा समाज का रजत जयंती वार्षिक उत्सव संपन्न

**इंदौर. लोधा समाज जिला समिति इंदौर का रजत जयंती वार्षिक उत्सव एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन श्री हंसदास मठ इंदौर पर किया गया.**

जिला अध्यक्ष रामकिशोर लोवंशी ने बताया कि आयोजन के प्रमुख अतिथि पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त पंडित योगेंद्र महंत अध्यक्ष विश्व ब्राह्मण समाज थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय लोधा महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र कुमार साध ने की. मुख्य अतिथि महेश कुमार लोवंशी लोधा समाज प्रदेश समिति अध्यक्ष, महेश प्रसाद लोवंशी अखिल लोधा महासभा राष्ट्रीय महासचिव, रामगोपाल लववंशी शिक्षा फाउंडेशन प्रदेश अध्यक्ष, पंकज लोधा युवा प्रदेश अध्यक्ष तथा विशेष अतिथि इंदौर के पूर्व वरिष्ठ जिला अध्यक्ष लखनलाल वर्मा, भोपाल जिला अध्यक्ष देवदास लोवंशी, धार जिला अध्यक्ष संतोष पटेल, खंडवा जिला अध्यक्ष विष्णु लोवंशी, गुना जिला अध्यक्ष छतर सिंह लोवंशी, ओंकारेश्वर धर्मशाला ट्रस्ट अध्यक्ष रमेशचंद्र देवड़ा, देवास जिला अध्यक्ष प्रतिनिधि, प्रदेश महिला उपाध्यक्ष शीला लोवंशी, धार महिला जिला अध्यक्ष बबीता लोवंशी, देवास जिला अध्यक्ष आशा पटेल, खंडवा युवा जिला अध्यक्ष श्री कमलेश लोवंशी सहित अन्य पदाधिकारी थे. महासचिव कमल लोवंशी ने बताया कि इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय समाज बंधु, राष्ट्रीय एवं प्रदेश व जिला पदाधिकारी उपस्थिति हुए. कोषाध्यक्ष सुनील लोवंशी ने बताया कि विगत 25 साल से सामाजिक सेवा देने वाले इंदौर के सभी पूर्व जिला अध्यक्ष का विशेष स्वागत किया गया. सचिव संतोष लोवंशी, रिंकू रिखीराम लोवंशी ने बताया कि जिला समिति द्वारा सिामाजिक प्रतिभाओं का सम्मान किया गया. सचिन वीरू सिंह लोवंशी सुरेंद्र साध ने बताया कि पुस्तक परिचय बेला 2026 का विमोचन किया. कार्यक्रम में उपस्थित समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों ने मंच से अपना परिचय दिया. संचालन महामंत्री दीनदयाल लोवंशी, संरक्षक कमल किशोर लोवंशी ने किया. आभार वरिष्ठ परामर्शदाता राकेश लोवंशी ने माना.

## एक नजर में — फ्लो इंदौर का रंग बरसे कार्यक्रम

# गीतों पर झूमे, फूलों से खेली होली



**इंदौर.** उत्सव केवल रस्में नहीं होते, वे हृदय से निकले हुए प्रेम, सम्मान और उन लोगों के प्रति गहरी कृतज्ञता के भाव होते हैं जो हमें हर कदम पर प्रेरित करते हैं. इसी भावना को साकार करते हुए, फ्लो इंदौर ने अपने सदस्यों और उनके जीवनसाथियों के लिए एक होली स्पेशल इवेंट-फूलों की होली का आयोजन किया. इस समारोह में करीब 750 लोग उपस्थित रहे.

यह शाम भारत के सबसे रंगीन और खुशी भरे त्योहार, होली की मस्ती को, सच्ची कृतज्ञता और नारी सशक्तिकरण के साथ जोड़कर एक अविस्मरणीय अनुभव बन गई. इस शाम को और भी यादगार बनाने के लिए उपस्थित रहीं पद्म श्री और पद्म भूषण से सम्मानित गायिका उषा उथुप जी. उनकी बेजोड़ आवाज और असीमित जोश ने मंच को जीवंत कर दिया और सभी को याद दिलाया कि जब दिल, उद्देश्य और संगीत की लय में धड़कता है, तो उम्र सिर्फ एक संख्या है.

सदस्यों और उनके साथियों ने उषा जी की विद्युतीय आवाज में खोकर, पूरे मैदान को झूमते, गाते और नाचते हुए देखा. लेकिन शाम को वाकई अविस्मरणीय बनाने वाला क्षण था उनकी दर्शकों से हृदयस्पर्शी बातचीत. उषा जी ने अद्भुत बुद्धिमत्ता, चमकदार हास्य, विनम्रता और गहरी समझ के साथ जवाब दिए, जो हर किसी के दिल को छू गए. कार्यक्रम को संचालित किया, फ्लो की समर्पित कमिटी सदस्यों, सीए राशि मंत्री और पलक हसनंदानी ने. पूर्व चेयरपर्सन मीतू कोहली, रिया छाबड़ा, आर्क. विभा सेठी और ममता बकलीवाल की उपस्थिति ने अवसर में और गहराई व स्नेह जोड़ा.

### महिलाएं एक-दूसरे को कर सकती हैं प्रेरित

फ्लो इंदौर की चेयरपर्सन, सीए श्वेता अग्रवाल ने कहा फ्लो इंदौर ने प्रेरणादायी महान हस्ती, उषा जी के साथ एक अविस्मरणीय शाम बिताई है. यह शाम बताती है कि महिलाएं एक-दूसरे को कैसे ऊपर उठा सकती हैं, प्रेरित कर सकती हैं और उम्र की परवाह किए बिना सीख सकती हैं. मैं अपने सभी सदस्यों के जीवनसाथियों को पूरे साल की, उनकी लगातार सहायता और समझ के लिए हृदय से धन्यवाद देती हूं. आशा है कि यह प्रेम और साझेदारी का बंधन आने वाले वर्षों में और मजबूत होता रहेगा. फ्लो इंदौर एकजुट, गर्वित और पहले से कहीं अधिक मजबूत समुदाय के रूप में खड़ा है.